# MP Board Class 6th Social Science Solutions Chapter 20 एशियाई देशों के साथ भारत के सम्बन्ध

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए –
(अ) रोमन इतिहासकार प्लीनी क्यों चिन्तित था ?
उत्तर:
रोमन इतिहासकार प्लीनी भारतीय वस्तुओं; जैसे-रेशम, कपास, आभूषण, गरम मसाले आदि के बढ़ते आयात से चिन्तित था।

(ब) कम्बोडिया का प्राचीन नाम क्या था ?
उत्तर:
वास्तव में इसका प्राचीन नाम कम्बोडिया ही था। वर्तमान में यह द्वीप 'कम्पूचिया' या कम्बोज के नाम से जाना जाता है।

(स) रेशम मार्ग से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
चीन और पश्चिमी एशिया के बीच का सड़क मार्ग मध्य एशिया से होकर जाता था। इसे प्राचीन रेशम मार्ग (सिल्क रूट) कहते हैं। इस काल में रेशम व्यापार की एक प्रमुख वस्तु थी। इस रास्ते से भारत के व्यापारी अरब, ईरान देशों से रेशम आदि का व्यापार करते थे।

(द) श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार किसने किया था? यहाँ भारतीय राज्य की स्थापना किसने की ?
उत्तर:
श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार सम्राट अशोक के पुत्र महेन्द्र तथा पुत्री संघमित्रा ने किया था। काठियावाड़ के राजकुमार विजय ने यहाँ भारतीय राज्य की स्थापना की।

(य) गांधार प्रदेश कहाँ स्थित था और यह क्यों प्रसिद्ध रहा ?
उत्तर:
गांधार प्रदेश मध्य एशिया में स्थित था। यह बौद्ध धर्म तथा कला के बड़े केन्द्र के कारण बहुत प्रसिद्ध था।

(र) अरबों ने भारत से क्या-क्या सीखा ?
उत्तर:
अरबों ने भारत से भारतीय अंक पद्धति तथा दशमलव प्रणाली का ज्ञान प्राप्त किया।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए
(अ) इस्लाम धर्म के संस्थापक कौन थे ? इस धर्म की
प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर:
पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब इस्लाम धर्म के संस्थापक थे।
इस धर्म की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं –

- ईश्वर एक है तथा हजरत मुहम्मद उसके पैगम्बर हैं।
- प्रत्येक मुसलमान इन पाँच कर्त्तव्यों का पालन करे ।
- कलमा पढ़े
    1. दिन में पाँच बार नमाज पढ़े
    2. अपनी आय का दसवाँ भाग दान करे
    3. वर्ष में एक महीने रोजा (व्रत) रखे
    4. मक्का तथा मदीना की तीर्थ यात्रा (हज) करे।
    5. सभी धर्म बराबर हैं।
- जाति-पाँति तथा ऊँच-नीच में विश्वास नहीं करना चाहिए।
- मूर्ति पूजा नहीं करनी चाहिए।
- मनुष्य को सदाचारी होना चाहिए।

(ब) पारसी धर्म की मुख्य बातें लिखिए।
उत्तर:
पारसियों का मूल देश ईरान है। पारसी आर्य हैं और इनके धर्म की स्थापना जरथुस्त्र ने की थी। पारसियों का विश्वास है जरथुस्त्र को ही ईश्वर ने अग्नि प्रदान की थी। ईरान छोड़ने के पूर्व ये अग्नि पूजक थे। इस अग्नि को वे अपने साथ ले आए थे। यह अग्नि आज भी मुम्बई के उत्तर में स्थित उदवाद की अगियारी में जल रही है। हिन्दुओं की तरह पारसी कमर में यज्ञोपवीत (सदर-ए-करती) धारण करते हैं। यह प्रथा बताती है कि उन्होंने पवित्र मार्ग पर चलने का वचन ले रखा है।

(स) ईसाई धर्म के संस्थापक कौन थे ? इस धर्म की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:
ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह थे। ईसाई धर्म का सबसे प्रसिद्ध चिन्ह सलीब (क्रॉस) है। ईसाईयों की धार्मिक पुस्तक का नाम बाइबल है। इस धर्म के अनुयायी उन सभी पैगम्बरों को मानते हैं जिसे यहूदी धर्म के लोग मानते थे।

प्रश्न 3.
रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए –
(अ) गांधार क्षेत्र में ............... की प्राचीनतम प्रतिमाएँ
बनीं। (जैन / बुद्ध)
(ब) सम्राट अशोक ने पुत्र ............. को लंका बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु भेजा था। (सुरेन्द्र / महेन्द्र)
(स) अंगकोरवाट में ............. मंदिर है। (विष्णु/शिव)
(द) यहूदियों के मंदिर को .......... कहा जाता है। (चर्च / सिनेगॉग)
(य) हजरत मुहम्मद का जन्म ................ में हुआ। (मक्का /मदीना)
(र) पारसियों का मूल देश............ है। (इराक / ईरान)
उत्तर:
(अ) बुद्ध
(ब) महेन्द्

https://www.evidyarthi.in/

(स) शिव
(द) सिनेगॉग
(य) मक्का
(र) ईरान।

प्रश्न 4.
सही जोड़ियाँ बनाइए –

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (अ) बर्मा | 1. अनाम |
| (ब) प्लीनी | 2. बुद्ध मंदिर |
| (स) बोरोबुदुर | 3. म्यांमार |
| (द) सिंहल | 4. रोमन इतिहासकार |
| (य) चंपा | 5. श्रीलंका |

उत्तर:
(अ) 3. म्यांमार
(ब) 4. रोमन इतिहासकार
(स) 2. बुद्ध मंदिर
(द) 5. श्रीलंका
(य) 1. अनाम